क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

I hitherto Known as KUNDAN KUMAR MAHTO S/O: DHARMVEER MAHTO, R/OHouse no 805/1, ZAMBOLL, Cortalim, PO: Cortalim, DIST: South Goa, Goa - 403710, have changed my name and shall hereafter be known as MAHTO KUNDAN KUMAR It is for

It is for general information that I, MAHENDRA CHAUHAN S/O: HARIKISHUN CHAUHAN, R/Ohasan ganj, PO: captain ganj, dist: kushinagar, uttar pradesh274301, declare that name of mine has been wrongly written as SURESH CHAUHAN in my passport no.S8134706. The actual name of mine is MAHENDRA CHAUHAN which may be amended accordingly

I hitherto Known as MORANGTHEM MOKLEN S/O: KANTINTHANG, R/O: Lhunjang Veng, Motbung, PO: Motbung, DIST: Kangpokpi, Manipur - 795107, have changed my name and shall hereafter be known as PAOMINLEN

I hitherto Known as RIMJHIM DEVI W/O: MITHILESH RAM, R/O- ward no - 09, gram post-Chandpur Bhangha, thana jankinagar, Banmankhi, PO: Banmankhi, DIST: Purnia, Bihar - 854202, have changed my name and shall hereafter be known as SUJATA KUMARI

I hitherto Known as TETARI DEVI W/O: KULDIP TURI, R/O-Gram-Titichapar, Post-Parjori, Pattipoi, PO: Sarwan, DIST: Deoghar, Jharkhand-814150, have changed my name and shall hereafter be known as NITU DEVI

NAME CHANGE

It is for general information that I, ADARSH PREET S/O: RAVIBHUSHAN TIWARI, R/O-Gram - Shripur, P-o - Ekdari, P-s-Chhauradano, Ekdari, PO: Chauradano, DIST: East Champaran, Bihar 845302, declare that name of my mother has been wrongly written as SHOBHA TIWARI in my class 10th and 12th educational documents. The actual name of my mother is SHOBHA DEVI which may be amended accordingly

I, BHOLA KUMAR S/O: UMAKANT PANDEY, R/O-vill-sakardas nawada, POST sakardas nawada, Nawada, PO: S Nawada, DIST: Gaya, Bihar 805131, have changed the name of my minor son ANSH RAJ aged 12th years and he shall hereafter be known as VISHWANATH PANDEY

I hitherto Known as KHUNDRAKPAM AESHOJIT SINGH S/O: KHUNDRAKPAM IBUNGO SINGH, R/O- Lairenjam Sabal Leikai, Lairenjam, Imphal West, Manipur 795009, have changed my name and shall hereafter be known as ESHORJIT SINGH KHUNDRAKPAM

I hitherto known as PAYEL DEBNATH S/O: LAXMAN DEBNATH R/O-1/2 Rupash Pur Mouja/Town/P.O.-Kamalpur Kamalpur Nagar Panchayet Kamalpur Dhalai Tripura-799285, have changed my name and shall hereafter be known as PRAYAL DEB.

जनवरी से 12 जोड़ी ट्रेनों के बदल जायेंगे नंबर

यात्रियों को टिकट बुकिंग के दौरान नए नंबर का रखना होगा ध्यान

(आज समाचार सेवा)

पटना। पूर्व मध्य रेल की 12 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन जनवरी 2027 से नए नंबरों के साथ किया जाएगा। परिचालनिक सुगमता के मद्देनजर रेलवे ने इन ट्रेनों के नंबर बदलने का निर्णय लिया है। इसमें बिहार से चलने वाली सप्तक्रांति, गरीब रथ, श्रमजीवी, जनशताब्दी और मगध एक्सप्रेस समेत कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार मुजफ्फरपुर आनंद विहार सप्तक्रांति एक्सप्रेस एक जनवरी से क्रमश: 15577 व 15578 नंबर से चलेगी। मुजफ्फरपुर आनंद विहार गरीब रथ बदलकर क्रमश: 14031 व 14032 हो जाएगा। इसी तरह रक्सौल लोकमान्य तिलक कर्मभूमि एक्सप्रेस नए नंबर 15545 व 15546 से चलेगी। सहरसा अमृतसर गरीब रथ का नया नंबर 14693 व 14694 होगा। दरभंगा जालंधर सिटी अंत्योदय एक्सप्रेस अब 15541 व 15542 नंबर से परिचालित होगी।



इसके अलावा हावड़ा धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस का नंबर 13387 व 13388, पाटलिपुत्र. चंडीगढ़ एक्सप्रेस का 13255 व 13256 और राजगीर नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस का नया नंबर 13291 व 13292 होगा। पटना रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस अब 13265 व 13266 तथा इस्लामपुर नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस नए नंबर 18633 व 18634 से चलेगी। वहीं टाटा कटिहार एक्सप्रेस का नया नंबर 18187 व 18188 और एरणाकुलम पटना एक्सप्रेस का नया नंबर 16359 व 16360 होगा।

छठ पर राजेंद्रनगर-नई दिल्ली के बीच चलेगी एसी पूजा स्पेशल ट्रेन

(आज समाचार सेवा)

पटना। छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने राजेंद्रनगर और नई दिल्ली के बीच एक जोड़ी पूर्णत: वातानुकूलित पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 02309 व 02310 का परिचालन 11 से 21 नवंबर तक निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। पूर्व मध्य रेल के अनुसार ट्रेन संख्या 02309 राजेंद्रनगर नई दिल्ली एसी पूजा स्पेशल 11 से 20 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को राजेंद्रनगर से रात 8.10 बजे खुलेगी तथा अगले दिन दोपहर 3 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 02310 नई दिल्ली राजेंद्रनगर एसी पूजा स्पेशल 12 से 21 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को नई दिल्ली से शाम 7 बजे खुलेगी। यह अगले दिन दोपहर 2 बजे राजेंद्रनगर पहुंचेगी।

मानस सिन्हा ने गाया 'अरघ भोरे भोर'


पटना (आससे)। मुम्बई में डिप्टी रजिस्ट्रार, कस्टम विभाग, मानस सिन्हा ने अपने स्वर में गाया छठ गीत 'लीही' अरघ भोरे-भोरे जिसे टीसीरिज ने जारी किया है। गीतकार हृदय नारायण झा की रचना को संगीत से संवारा है मुम्बई के विजय शंकर सिंह ने। वीडियो में नेहा और राहुल की भूमिका है। लीही अरघ भोरे भोर हो दीनानाथ। लीही अरघ भोरे भोर। बिहार के मानस सिन्हा उच्च पदाधिकारियों के समाज में इस सद्‌गुण के लिए अनन्य है, जो अपने पेशागत जीवन और सांस्कृतिक जीवन को एक साथ बखूबी जी रहे हैं।

दीपावली के त्योहार ने महिला उद्यमियों के लिए खोले कारोबार के नये अवसर

पटना। बिहार में दीपावली की तैयारियां शुरू होते ही राज्यभर की महिला उद्यमी भी त्योहारों के इस मौसम में बढ़ने वाली मांग का लाभ उठाने की तैयारी में जुट गई हैं। कोई अपनी छोटी दुकान में सामानों की विविधता बढ़ा रही है, तो कोई अधिक सामान का स्टॉक जमा कर रही है। वहीं, कई महिलाएं घर से चलाए जा रहे अपने छोटे व्यवसाय का दायरा बढ़ाने में लगी हैं। इस दौरान माइक्रोफाइनेंस की सुविधा उन्हें त्योहारी मांग को व्यावसायिक अवसरों में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बिहार के दरभंगा जिले में छोटी दुकान चलाने वाली मैथिली झा बताती हैं कि मैं अपनी दुकान पर कई तरह के बेहतर उत्पाद उपलब्ध कराना चाहती थी, लेकिन मेरे सामने आर्थिक समस्याएं थीं। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस से लोन की सुविधा लेकर मैं अपने ग्राहकों को और अधिक विकल्प उपलब्ध करा पा रही हूं। माइक्रोफाइनेंस ना केवल ऋण तक पहुंच प्रदान करता है, बल्कि महिलाओं को अपने वित्तीय निर्णयों पर अधिक नियंत्रण रखने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य उद्यमियों के साथ नियमित बातचीत से उन्हें व्यावसायिक आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है और साथ ही बचत करने, बजट बनाने और समय पर ऋण चुकाने के बारे में उनकी समझ भी बेहतर होती है। जैसे जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसाय बढ़ते हैं, वे स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं, कारीगरों और श्रमिकों के लिए अवसर पैदा करते हैं जिससे उनके आस-पास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियो को बढ़ावा मिलता है। त्योहारी सीजन के साथ नए अवसर आने से माइक्रोफाइनेंस बिहार की महिलाओं को अपना कारोबार आगे बढ़ाने, घरेलू आय को मजबूत करने और एक अधिक सुरक्षित भविष्य बनाने में मदद कर रहा है। इस दिवाली, उनके आगे बढ़ते उद्यमिता के सफर से पता चलता है कि समय पर मिलने वाली आर्थिक मदद, छोटे कारोबार से जुड़ी आकांक्षाओं को सार्थक प्रगति में बदलने में किस तरह से मददगार हो सकती है।

कल्पना पटवारी ने मैथिली में गाया पहला छठ गीत 'चारि पहर राति'

पटना (आससे)। मैथिली में पहला छठ गीत गायी प्रसिद्ध गायिका असम की बेटी मैथिली अनुरागी कल्पना पटवारी। गीत एवं गायन शैली का मार्गदर्शन गीतकार हृदय नारायण झा ने दिया है। पारंपरिक किन्तु वर्तमान में लुप्त प्राय छठ गीत- 'चारि पहर राति जल थल सेविलहुं सेविलहुं गोरथार छठि माता परसन होउ ने सहाय' गीत को उसी अंदाज में गाकर मैथिली के इस पारंपरिक छठ गीत को पुनर्जागरित कर दिया है। मैीिली और मैथिली भाषी सभी की पसंद बनी है कल्पना का यह वीडियो 'चारिपहर राति'। वीडियो में भेष भूषा हाव भाव मिथिला की संभ्रांत छठ व्रती का सहज भक्ति भाव व्यक्त हुआ जो छठि मइया की भक्ति भाव का संचार करती है। मैथिली में छठ का एक गीत और रिलीज होने के दहलीज पर है। यह गीत भी हृदय नारायण झा की रचना है



जिसमें छठ महापर्व का शास्त्र निर्णय पंचांग, ग्रह नक्षत्र के संयोग में छठ के अर्घ्य का महत्व आदि सोहर छन्द में कल्पना पटवारी ने मिथिला के पारंपरिक सोहर के धुन में गाकर श्रोताओं की संवेदना में उतरने की कोशिश की है। इस आशय की जानकारी इनके वीडियो के प्रोड्यूशर परवेज खान ने साझा की और कहा कि गीत को हर तरफ पसंद किया जा रहा है। शीघ्र ही शेष मगही, अंगिका छठ गीत आ रहा है म्युजिक बॉक्स पर।

बज्जिका छठ गीत- रिमझिमी बुन्दवा वरसि गेल, ओरियानी मोतीचूए छठ गीत माला की प्रस्तुति में कलपना अपने भावपूर्ण गायन से श्रोता दर्शकों के परंपरागत संवेदनाओं से जुड़ गयी है, उसी रूप में स्वागत हो रहा है इस छठ गीत का।

भोजपुरी का एक गंगा गीत दरसन मांगीला तोहर अतिविशिष्ट है कल्पना की प्रस्तुति जिसमें लोकगीत में वीणा वादन कर्नाटकी संगीत के कलाकार ने किया है। इस गंगा गीत को शास्त्रीय लोकगीत के रूप में कल्पना की यह प्रस्तुति भोजपुरी के लिए अनन्य है।

श्री सीमेंट ने नए रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट का किया उद्घाटन

पटना। श्री सीमेंट लिमिटेड ने राजधानी में अपने बांगुर कंक्रीट ब्रांड के तहत एक नए रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट का उद्घाटन किया। इस प्लांट का उद्घाटन कंपनी के प्रबंध निदेशक नीरज अखोरी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह नया प्लांट पटना और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाले रेडी-मिक्स कंक्रीट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया है। इसके जरिए हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देना, बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करना एवं इस क्षेत्र के विकास में योगदान देना हैं।


साधना कुमारी ने मैथिली में जारी किया छठ गीत 'हे छठि मइया'

पटना (आससे)। समस्तीपुर की युवा लोकगीत सुगम संगीत गायिका साधना कुमारी के स्वर में गीतकार हृदयनारायण झा के मैथिली छठ गीत का वीडियो 'हे छठि मइया' यूट्यूब जारी हुआ, जो श्रोताओं की पसंद बना है। इस वीडियो का निर्माण पटना में ही हुआ है। गीत को संगीत से सजाया है बिहार के वरिष्ठतम अनुभवी संगीतकार सीताराम सिंह ने। गीत के बोल हैं-'बल बुधि दायिनी जगत पालिनी हरहु दु:ख बलाय, छठि माता लेहु शरण बिलमाय' यह गीत भी यूनेस्को में छठ पर्व की अमूर्त विरासत घोषित करने के लिए भेजे गये डोजियर में हैं हृदय नारायण झा की पुस्तक छठ गीत (सर्वसौभाग्यदायकम) में। साधना एक होनहार गायिका अपनी कुशलता से शिक्षिका के पद पर सेवारत रहते हुए संगीत, लोकगीत में रचनात्मक कार्य करती है। साधना कुमारी की आवाज में एक और गीत 'कयलहु व्रत छठि माता सरधा भाव जगाय। सुनि लेवई हमरो गोहरिया देबइ आश पुराय॥' साधना के दोनों छठ गीत भावपूर्ण है।

समय पर पहचान से ब्रेस्ट कैंसर का इलाज आसान:डा.अभिषेक आनंद

पटना। जेडी वीमेंस कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर नारायण कैंसर सेंटर के निदेशक डा.अभिषेक आनंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में समय पर बीमारी की पहचान एवं सही उपचार से मरीज के स्वस्थ होने की संभावना काफी बढ़ जाती हैं। इसलिए, महिलाओं को इसके शुरूआती लक्षणों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। स्तन में गांठ, आकार में बदलाव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को स्तन कैंसर के लक्षण, बचाव और आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो.मीरा कुमार, अंग्रेजी विभाग की प्रो.सीमा मिश्रा, प्रो.रंजू सिंह सहित कॉलेज के सभी विभाग की प्राध्यापिका एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्रेमनाथ जी की 100वीं जयंती पर 'अमर प्रेमनाथ' के साथ अद्भुत जीवन यात्रा और फिल्मी विरासत



हिंदी सिनेमा के इतिहास में प्रेमनाथ जी का नाम हमेशा खास जगह रखेगा। अपनी शानदार अदाकारी, दमदार व्यक्तित्व और पर्दे पर अपने अलग अंदाज से उन्होंने ऐसी पहचान बनाई, जिसे आज भी याद किया जाता है। उनके जन्म के 100 साल पूरे होने के मौके पर ज़ी क्लासिक इस नवंबर 'अमर प्रेमनाथ' के जरिए इस दिग्गज अभिनेता को खास श्रद्धांजलि देने जा रहा है। एक महीने तक चलने वाली विशेष प्रस्तुति, जिसमें उनके पुत्र मोंटी नाथ द्वारा निर्मित चार-भागीय डॉक्यू-सीरीज़ और उनकी कुछ यादगार फिल्मों का प्रसारण किया जाएगा। 7 नवंबर से हर शनिवार सुबह 11.30 बजे डॉक्यूमेंट्री सीरीज का एक नया भाग दिखाया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 12 बजे उनकी एक खास फिल्म प्रसारित होगी। हिंदी सिनेमा में प्रेमनाथ जी का सफर किसी मिसाल से कम नहीं रहा। अपने करियर के शुरुआती दौर में बतौर हीरो पहचान बनाने से लेकर चरित्र भूमिकाओं में नई सफलता हासिल करने तक, उन्होंने बदलते सिनेमा के साथ खुद को लगातार निखारा। खास तौर पर तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'अमर प्रेमनाथ' में अभिनेता और उनकी विरासत से जुड़े कई पहलुओं को सामने लाया जाएगा। इसके साथ दिखाई जाने वाली फिल्में दर्शकों को टेलीविजन पर उनकी कुछ सबसे यादगार भूमिकाएं फिर से देखने का मौका देंगी। यह आयोजन सिर्फ उनके अभिनय का ही नहीं, बल्कि उस शख्सियत का भी जश्न है, जिसने उन्हें दर्शकों के दिलों में खास जगह दिलाई। इस खास आयोजन की शुरुआत 7 नवंबर को 'अमर प्रेमनाथ' के पहले भाग से होगी, जिसके बाद फिल्म 'देश प्रेमी' दिखाई जाएगी। 14 नवंबर को डॉक्यूमेंट्री सीरीज का दूसरा भाग और उसके बाद 'रोटी कपड़ा और मकान' प्रसारित होगी। 21 नवंबर को प्रेमनाथ जी की 100वीं जयंती के खास मौके पर सीरीज का तीसरा भाग दिखाया जाएगी।

डाबर ने किया हरजीत एस. भल्ला को निदेशक मंडल में शामिल

पटना (आससे)। डाबर इंडिया के निदेशक मंडल ने आज नेतृत्व में पूर्व नियोजित बदलाव को मंजूरी दे दी। इसके तहत कंपनी के भारत कारोबार के वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हरजीत एस.भल्ला को नियामकीय मंजूरी के अधीन आगामी १४ नवंबर से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए पूर्णकालिक निदेशक के रूप में निदेशक मंडल में नियुक्त किया जाएगा। नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर यह बदलाव किया जा रहा है। यह निर्णय मोहित मल्होत्रा के वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के पद से आगामी १३ नवंबर से प्रभावी इस्तीफे के बाद लिया गया है। श्री मल्होत्रा ने व्यक्तिगत रुचियों और अन्य प्राथमिकताओं को समय देने के लिए यह निर्णय लिया है।

निदेशक मंडल में शामिल होने के बाद भी श्री भल्ला भारत में कंपनी के कारोबार की वृद्धि योजनाओं का नेतृत्व करते रहेंगे। वह कंपनी का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ उसके सबसे प्रमुख बाजार भारत में रणनीतिक दिशा तय करने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। वहीं वर्तमान में पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यरत पी.डी.नारंग समूह निदेशक-कॉरपोरेट मामले की अपनी भूमिका जारी रखेंगे। नेतृत्व में बदलाव की घोषणा करते हुए निदेशक मंडल के अध्यक्ष मोहित बर्मन ने कहा, निदेशक मंडल की ओर से मैं मल्होत्रा का डाबर के साथ तीन दशकों से अधिक समय तक जुड़ाव और संगठन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। हम उन्हें उनकी व्यक्तिगत रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

दिवाली पर कलर्स के कलाकार ने मनाया प्यार कृतज्ञता और एकजुटता की भावना का जश्न

पटना (आससे)। डा.आरंभी में आरंभी का किरदार निभानेवाली ऐश्वर्या खरे ने कहा कि दिवाली हमेशा मेरे लिए खास रही है लेकिन सालों के साथ इसे मनाने का मेरा तरीका खूबसूरती से बदल गया है। बचपन में दिवाली का मतलब नए कपड़ों का उत्साह, ढेर सारी मिठाइयां, दोस्तों से मिलना ओर परिवार के साथ समय बिताना था। हर चीज का ध्यान रखा जाता था और बस त्योहार के जादू का आनंद लेती थी। मेरा किरदार डा.आरंभी भी कुछ ऐसा ही कर रही है। वह भी उत्सव की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले रही है। शो की पूरी टीम की ओर से मैं सभी को समृद्ध, प्रेम और प्रकाश की शुभकामनाएं देती हूं। मां लक्ष्मी आपके हर प्रयास को सफलता का आशीर्वाद दें। शुभ दीपावली। धमाल विद पति पत्नी और पंगा जोड़ियों का रियलिटी चेक का हिस्सा राहुल वैद्य ने कहा दिवाली हमेशा से साल का एक खास समय रही है। यह लोगों को करीब लाती है। हमें प्यार, परिवार और साथ होने के महत्व की याद दिलाती है। 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा जोड़ियों का रियलिटी चेक' का हिस्सा अर्जुन बिजलानी ने कहा कि शो के सेट पर दिवाली मनाना बहुत मजेदार है। आनेवाला साल सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य, समृद्धि और अनगिनत नए अवसर लेकर आए। सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

'शायद यही प्यार' में आरव का किरदार निभानेवाले दक्ष पुरी ने कहा कि दिवाली रोशनी का त्योहार है। मुझे लगता है कि इसकी असली अहमियतत उस उम्मीद में है, जो यह हमारी जिंदगी में लेकर आती है। यह हमें याद दिलाती है कि चाहे समय कितना भी मुश्किल क्यों न हो, एक नयी शुरुआत की संभावना हमेशा बनी रहती है और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने का कोई न कोई कारण हमेशा होता है यह त्योहार हर दिल को प्यार, घर को खुशियों और नयी शुरुआत को उम्मीद भर दे। सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

ओसिएनिक माइंड स्कूल के बच्चों ने गाया 'माई एगो दे दा बेटिया'

पटना (आससे)। बिहार के सह-शिक्षा निजी शिक्षा संस्थानों एवं स्कूलों में छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन में छठ गीत ऑडियो वीडियो निर्माण और उसे स्कूल के बैड की प्रस्तुति के रूप में ओसिएनिक माइंड स्कूल गोपालगंज के संसीापक निदेशक दिग्विजय नारायण नारायण सिंह ने जारी किया छठ गीत 'माई ए गो दे दस बिहिया।' गीत रचना हृदय नारायण सिंह ने कहा यह प्रस्तुति केवल एक भक्ति गीत है। नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, समानता और उसके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने वाला एक हृदयस्पर्शी संदेश है। इस गीत में छठव्रति हाथ जोड़कर आंचल फैलाकर बेटी मांग रही है। बेटियां ईश्वर का सबसे सुन्दर वरदान है।

स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नयी मजबूती

पटना। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं व्यावसायिक मानकों को और बेहतर करने की दिशा में बिहार राज्य संबद्ध एवं स्वासथ्य देखभाल परिषद एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। परिषद के क्रियाशील होने के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण, जवाबदेह और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस परिषद के माध्यम से राज्य के संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों के लिए एक पारदर्शी और प्रभावी नियामक व्यवस्था विकसित की जायेगी। राज्य में संबंद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के विकास, पंजीकरण, नियमन एवं उनके व्यावसायिक मानकों को सुनिश्चित करना हैं। परिषद राज्य में इन पेशेवरों के पंजीकरण एवं राज्य रजिस्टर के रख-रखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

जेके शुक्ला ने प्रस्तुत किये दो छठ गीत वीडियो

पटना (आससे)। बिहार के लोक गायक जे.के. शुक्ला का दो छठ गीत वीडियो भू-ट्यूव पर रिलीज किया गया। ये दोनों गीत हृदय नारायण झा ने लिखें हैं। वीडियो छठि मइया राउर सजल दरबार, हे दीनानाथ मनसा पुराया गीत को संगीत से सजाया है दीपक पाण्डेय बघेली, वीडियो के आर्ट डायरेक्टर हैं आर्यन। केके शुक्ला ऑफिसियल पर छठ गीतों को रिलीज किया गया।

संक्षिप्त समाचार

सीयूएसबी में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के कार्यान्वयन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

पटना (आससे)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के प्रो बोनो क्लब की ओर से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन एवं भावी दिशा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन डॉ. देव नारायण सिंह ने किया। संगोष्ठी में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं न्यायिक अकादमी, असम के कुलपति प्रो. के.वी.एस. शर्मा ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की भूमिका और भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के उपायों पर चर्चा की। वहीं, कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. जहीरुल इस्लाम ने उपभोक्ता न्याय व्यवस्था की चुनौतियों और इसे प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई। एसएलजी के अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। दोनों तकनीकी सत्रों में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम भी हुआ। आयोजन में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

सीयूएसबी के विद्यार्थियों ने प्राण का किया क्षेत्रीय भ्रमण

पटना (आससे)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के समाजशास्त्रीय अध्ययन एवं सामाजिक कार्य विभाग के एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गया स्थित प्राण एनजीओ का क्षेत्रीय भ्रमण किया। प्रो. एम. विजय कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास और सामाजिक कार्यों का व्यावहारिक अनुभव देना था। संस्था के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार वर्मा ने ग्रामीण परिवारों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को कम पानी और कम रासायनिक पदार्थों के उपयोग से कृषि उत्पादन बढ़ाने वाली श्री पद्धति से अवगत कराया गया। साथ ही बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, सिलाई और स्थानीय दुकानों के संचालन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की पहल बताई गई। संस्था शिक्षा से वंचित महिलाओं को पढ़ाई पूरी करने और रोजगार पाने में भी सहयोग करती है। इस दौरान सीयूएसबी के पूर्व विद्यार्थी परिपूर्ण शर्मा ने संस्था की कार्यप्रणाली से परिचित कराया।

डीएस ग्रुप ने नेशनल कैंडी डे पर लांच किया स्पेस गेम

पटना (आससे)। नेशनल कैडी डे के माके पर देश के अग्रणी एफएमसीजी और बहु-व्यवसायी समूह धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएम ग्रुप) ने पल्स कैंडी डे अभिान के २०२६ संस्करण की घोषणा की। ब्रांड के सालाना राष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस साल का अभियान एवं बार फिर तकनीक पर आधारित एक नया और अनोखा प्रयोग लेकर आया है। अभियान के इस संस्करण में अंतरिक्ष की थीम पर आधारित एक रोमांचक गेम पेश किया गया है, जिसे खिलाड़ी अपने हाथों और शरीर की हरकतों से नियंत्रित करते है। स्मार्ट फोन का कैमरा इन हरकतों को ट्रैक करता है। डीएस ग्रुप के सीनियर जनरल मैनेजर, मार्केटिंग, कन्फेक्शनरी, अरविंद कुमार ने कहा, हर नेशनल कैंडी डे हमें याद दिलाता है कि लोग पल्स कैंडी से कितना प्यार करते हैं ओर हम उनकी इस दीवानगी का जश्न उनके साथ ऐसे अंदाज में मनाना चाहते हैं, जो उन्हें हमेश याद रहे। जेन जी, युवाओं और मोबाइल पर जयादा सक्रिय रहने वाले उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह छोटा और मजेदार गेम बार-बार खेलने और सेशल मीडिया पर साझा करने के लिए प्रेरित करता है। यह गेम नेशनल कैंडी डे के आसपास एक सप्ताह तक, ३ से १० नवंबर तक उपलब्ध रहेगा।

एचपी ओम्नीबुक 5 और प्रोबुक 4 जी 2 आईएस लैपटॉप

पटना (आससे)। एचपी इंडिया ने छात्रों और कारोबारियां की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दो नये लैपटॉप एचपी ओम्नीबुक ५ और एचपी प्रोबुक ४ मी२आईएस लांच किये है। ये डिजाइस बेहतर परफॉर्मेंस, पोर्टेबिलिटी और एआई आधारित सुविधाओं के साथ पढ़ाई, रचनात्मक गतिविधियों और व्यावसायिक कार्यों को आसान बनाने के लिए तैयार किये गये है। एचपी ओम्नीबुक ५ में इंटेल कोर ७ प्रोसेसर, १६ टॉप्स तक की क्षमता और ४२ घंटे तक की लोकल वीडियो प्लेबैक बैटरी लाइफ दी गयी है। इसका वजन १.१६ किलोग्राम है। इसमें डिस्प्ले, १८० डिग्री फ्लेक्सिबल हिंज और बेहतर ऑडियो-वीडियो अनुभव के लिए आधुनिक फीचर्स दिये गये हैं। यह लैपटॉप चार रंगों में उपलब्ध होगा। वहीं, एचपी प्रोबुक ४ जी२आईएस को छोटे और मध्यम कारोबारी तथा मोबाइल प्रोफेशनल्स के लिए पेश किया गया हे। इनमें इंटेल कोर ७ प्रोसेसर, १७ टॉप्स तक की न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट क्षमता, ३२ जीबी तक मेमोरी और भीटीबी तक स्टोरेज मिलती है। इसमें १४ इंच का २.८ के ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड स्स्पिले, ७० डब्ल्यूएच बैटरी और एआई आधारित नॉइज रिडक्शन के साथ सुरक्षा एवं प्राइबेसी के फीचस्र दिये गये है।

सोनी लिव ने 'स्कैम 2010' का फर्स्ट लुक किया जारी

पटना (आससे)। सोनी लिव ने बिरला स्टूडियोज और अप्लॉज एंटरटेनमेंट की वेब सीरीज 'स्कैम 2010' का फर्स्ट लुक जारी किया है। लोकप्रिय स्कैम फ्रेंचाइजी के तीसरे सीजन का निर्देशन हंसल मेहता कर रहे हैं। इसमें सिद्धार्थ बोडके मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अभिनेता ने इसे अपने करियर का चुनौतीपूर्ण और खास अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि हंसल मेहता के साथ काम करना सीखने का शानदार अवसर रहा।

करिश्मा कपूर ने सायली कांबले के मातृत्व की सराहना की

पटना (आससे)। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने गायिका सायली कांबले पाटिल की मातृत्व और पेशेवर जीवन के बीच संतुलन बनाने के लिए सराहना की। कार्यक्रम के आगामी एपिसोड में उन्होंने सायली से उनके बेटे और कामकाजी मां की चुनौतियों पर बातचीत की। सायली ने बच्चे से दूर रहकर काम करने की भावनात्मक चुनौतियां साझा कीं। साथ ही अपनी मां के सहयोग के लिए आभार जताया। यह खास बातचीत 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' में प्रसारित होगी।

रोहित शर्मा ने 'शार्क टैंक इंडिया' को बताया पसंदीदा शो

पटना। क्रिकेटर रोहित शर्मा ने 'शार्क टैंक इंडिया' को अपना पसंदीदा शो बताया है। दिवाली विशेष कार्यक्रम 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' में उन्होंने खुलासा किया कि मैच के बाद होटल में खाना मंगाते समय वह शो की नई प्रस्तुतियां देखना पसंद करते हैं। उन्होंने यह इच्छा भी जताई कि एक दिन अपना ब्रांड लेकर निवेशकों के सामने पहुंचेंगे। कार्यक्रम में अमन गुप्ता, अनुपम मित्तल, नमिता थापर सहित कई हास्य कलाकार भी शामिल होंगे।

त्योहारों में सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए एनपीसीआई ने दिए सुझाव

पटना (आससे)। त्योहारों के दौरान ऑनलाइन खरीदारी और आकर्षक ऑफर के बीच साइबर ठगी का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए एनपीसीआई ने सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए सुझाव जारी किए हैं। लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध फाइल डाउनलोड करने और ओटीपी साझा करने से बचने की सलाह दी गई है। भुगतान के लिए केवल अधिकृत वेबसाइट और ऐप का इस्तेमाल करें। एनपीसीआई ने लेनदेन से पहले रुकने, सोचने और फिर कदम उठाने की अपील की है।

जियोहॉटस्टार पर 24 से स्ट्रीम होगा 'महाभारत:एक धर्मयुद्ध' का दूसरा सीजन

पटना। जियोहॉटस्टार की सीरीज 'महाभारत : एक धर्मयुद्ध' का दूसरा सीजन 24 नवंबर से प्रसारित होगा। इसमें कुल 25 एपिसोड होंगे, जिन्हें हर सप्ताह जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रोहित जयसिंह वैद के निर्देशन में बने इस सीजन में महाभारत के निर्णायक प्रसंगों और पांडवों के संघर्ष को दिखाया जाएगा। सीरीज में भव्य दृश्य प्रस्तुत करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल मंगलवार, 10 नवंबर 2026

मेष- मित्रों से गलतफहमी, असफलता, धनागम बाधा, व्यापारिक चिन्ता, सुख शांति में कमी।
वृषभ- कार्यक्षमता में वृद्धि, समस्याओं का समाधान, स्थानान्तरण, मनोरंजन में रुचि, खुशी।
मिथुन- व्यावसायिक अनुकूलता, नवीन उपलब्धि, भाग्योन्नति, सलाह से कामयाबी, हर्ष भी।
कर्क- नवीन कार्य सम्पन्न, दूरदराज की यात्रा, आर्थिक निवारण, मान-सम्मान का लाभ।
सिंह- राजकीय उलझनें, शंका-कुशंका, मतभेद, पारिवारिक खर्च में वृद्धि, वाहन से कष्ट।
कन्या- समस्याएँ हल, कार्यक्षमता में वृद्धि, शिक्षा में रुझान, संबंधों में प्रगाढ़ता, वाहन सुख।
तुला- निर्णय हितकर, मनोबल में वृद्धि, कठिनाइयों का निवारण, दाम्पत्य जीवन मधुर।
वृश्चिक- योजना साकार, दायित्व पूर्ति, सामाजिक रुचि, आरोग्यसुख, नवसम्पर्क लाभदायी।
धनु- आत्मविश्वास में कमी, गुप्तचिन्ताएँ प्रभावी, सम्बन्धों में कटुता, यात्रा निराशाजनक।
मकर- आपसी सहयोग से खुशी, प्रतियोगिता में सफलता, मनोरंजन में रुचि, यात्रा सुखद।
कुम्भ- सम्पर्क लाभदायी, अपेक्षित सहयोग, कार्य सफल, अनुकूलता, मनोरंजन में प्रवृत्ति।
मीन- आत्मिक शांति, सम्मान में वृद्धि, संतसमागम, शत्रु परास्त, आपसी गलतफहमी दूर।

आज है जिनका जन्मदिन 10 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 10 का मूलांक 1 का स्वामी ग्रह सूर्य एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। जीवन उलझनों एवं कठिनाइयों से परिपूर्ण रहेगा। किसी से भी अपना काम निकलवाने में माहिर होंगे। निजी कार्य को अधिक प्राथमिकता देंगे। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रखने में सक्षम होंगे। साधारण व सुरुचिपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। नेतृत्व क्षमता आपमें प्रबल होगी। राजनैतिक सामाजिक क्षेत्र में आपकी रुचि अधिक रहेगी। कला-संगीत-सौन्दर्य प्रेमी होंगे। सदैव कुछ नया करने की सोचेंगे। आपके विचार स्वतन्त्र होंगे। स्पष्टवादिता आपके लिए नुकसानदेय होगी। जीवन के हर क्षेत्र में किसी न किसी से सहयोग मिलता रहेगा। जनसम्पर्क उच्चस्तरीय होगा। दैनिक जीवन में नारंगी एवं सुनहरा रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। लाल रंग की वस्तुओं का दान करें। लाल वस्त्र में गेहूं, गुड़, लाल फूल, तांबे का सिक्का दक्षिणा सहित रविवार के दिन दान में देवें। सदाचार का पालन करें। गो सेवा नित्य करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ घृणि सूर्याय नमः
व्रत : रविवार
दिन : रविवार, बुधवार एवं गुरुवार
दिनांक : 1, 10, 19, 28
अंक : 2, 4, 7
मास : जनवरी, नवम्बर एवं दिसम्बर
वर्ष : 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64
रंग : नारंगी, सुनहला एवं पीला
जन्मरत्न : माणिक्य उपरत्न : गार्नेट
जड़ी : बेल की जड़ दिशा : पूर्व
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 नवम्बर, 10 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

6	1	8
7	5	3
2	9	4

सुडोकू ५०१०

	6							
	5	2			7			
							8	4
			3				9	
	7				5			
1								
						5		7
8								
3			4			2		

हल ५००९ सुडोकू

7	3	6	8	2	9	5	1	4
8	2	4	1	5	7	9	6	3
9	5	1	6	4	3	2	8	7
2	4	8	5	7	1	6	3	9
1	6	3	9	8	4	7	5	2
5	9	7	3	6	2	1	4	8
6	7	5	2	3	8	4	9	1
3	1	2	4	9	5	8	7	6
4	8	9	7	1	6	3	2	5